हादसा | आखिर में लगा ब्रेकयान पटरी से उतरा

# शहडोल-नागपुर एक्सप्रेस हुई बेपटरी



पटरी से उतरा ब्रेकयान

### रेल यातायात हुआ प्रभावित

एक्सप्रेस ट्रेन के ब्रेकयान के बेपटरी की घटना के बाद रेल मार्ग पर यातायात पूरी तरह से बाधित हो गया है। तकनीकी अमला युद्ध स्तर पर पटरी को दुरुस्त करने और बेपटरी हुए ब्रेकवान को वापस ट्रैक पर लाने के कार्य में जुट गया था। जानकारी मिलने तक इस रूट पर रेल आवाजाही रुकी हुई थी और ट्रैक की सुरक्षा सुनिश्चित होने के बाद ही ट्रेनों का संचालन सामान्य किया जाएगा।

**नवभारत,जबलपुर।** जबलपुर से होकर गुज़रने वाली शहडोल नागपुर एक्सप्रेस गाड़ी सिवनी में शुक्रवार 13 मार्च को एक हादसे का शिकार हो गई। मिली जानकारी के अनुसार शहडोल से नागपुर की ओर जा रही एक्सप्रेस ट्रेन का सबसे अंतिम डिब्बा यानि ब्रेकवान अचानक पटरी से उतर गया। यह घटना खेराजी स्टेशन के समीप घटित हुई जिसके बाद पूरे रेल खंड में हड़कंप मच गया। इस हादसे में एक महिला यात्री के घायल होने की खबर है, जिसे जिला अस्पताल ले जाया गया है। शुक्रवार को ट्रेन अपने निर्धारित मार्ग पर सामान्य गति से आगे बढ़ रही थी तभी अचानक आए जोरदार झटके के साथ ब्रेकयान डिब्बे के पहिए पटरी से नीचे उतर गए। इस अचानक हुई हलचल और तेज आवाज के कारण ट्रेन के भीतर सवार यात्रियों में चीख-पुकार मच गई और कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल निर्मित हो गया।

### शुरू हुई जांच

रेलवे अधिकारियों के अनुसार प्राथमिक जांच में इस दुर्घटना के पीछे तकनीकी कारणों की आशंका जताई जा रही है। हालांकि अभी वास्तविक कारणों की सटीक जानकारी के लिए विस्तृत तकनीकी परीक्षण किया जा रहा है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके।

### महिला पर गिरा सामान

हादसे के दौरान कोच के भीतर सामान रखने वाली जगह से एक भारी अटैची अचानक नीचे गिर गई। यह अटैची सीधे एक महिला यात्री के ऊपर जा गिरी जिससे वह घायल हो गई। घटना की सूचना मिलते ही रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी, तकनीकी विशेषज्ञों की टीम, आरपीएफ और जीआरपी का बल तुरंत मौके पर पहुंच गया। घायल महिला को तत्काल अटेंड किया गया और स्थिति का जायजा लिया गया।

# ग्राम पंचायत अभाना में 'भूख' पर भारी भ्रष्टाचार

▶ तीन महीने से नहीं बंटा राशन, साढ़े तीन करोड़ के गबन केआरोपी सेल्समैन के भरोसे ग्रामीण

**नवभारत, अभाना/मझौली।** शासन की लोक कल्याणकारी योजनाएं भ्रष्टाचार की भेंट किस कदर चढ़ती हैं, इसका प्रत्यक्षउदाहरण जनपद पंचायत मझौली की ग्राम पंचायत अभाना में देखने को मिल रहा है। यहाँ पिछले तीन महीनों सेगरीबों के निवाले पर संकट खड़ा हो गया है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि राशन वितरण का जिम्मा संभालनेवाले सेल्समैन की कारस्तानियों के कारण सैकड़ों परिवार दाने-दाने को मोहताज हैं।

### साढ़े तीन करोड़ का गबन और फरार एजेंट

ग्रामीणों के अनुसार, राशन बांटने का कार्य रत्नेश भट्ट द्वारा किया जा रहा था। बताया जा रहा है कि रत्नेश भट्ट परश्रीजी वेयर हाउस में साढ़े तीन करोड़ रुपए के गबन का गंभीर आरोप है, जिसके चलते उन पर एफआईआर भी दर्ज की जा चुकी है। एफआईआर और गबन के मामले के बाद से ही सेल्समैन वितरण केंद्र से नदारद है, जिसका सीधा खामियाजा गरीब ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है।




### सहकारिता विभाग की चुप्पी और लापरवाही

सबसे बड़ा सवाल सहकारिता विभाग की कार्यप्रणाली पर खड़ा हो रहा है। जब विभाग को पता है कि वर्तमानसेल्समैन पर आपराधिक प्रकरण दर्ज है और वह तीन महीनों से ड्यूटी पर नहीं आया है, तो अब तक वैकल्पिकव्यवस्था क्यों नहीं की गई? ग्रामीणों का कहना है कि विभाग द्वारा किसी दूसरे एजेंट की नियुक्ति न किए जाने सेतीन महीने का राशन लैप्स होने की कगार पर है।

**सवाल:** क्या सहकारिता विभाग साढ़े तीन करोड़ के गबन के आरोपी को संरक्षण दे रहा है? तीन महीने बीत जाने के बाद भी अभाना में दूसरे एजेंट की नियुक्ति क्यों नहीं हुई? ग्रामीणों के हक का जो राशन तीन महीने से नहीं बंटा, उसका हिसाब कौन देगा?

### ग्रामीणों की बढ़ती परेशानी

राशन दुकान पर ताला लटका देख ग्रामीण हर दिन खाली हाथ लौट रहे हैं। मजदूरी कर जीवन यापन करने वालेपरिवारों के लिए बाजार से ऊंचे दामों पर अनाज खरीदना मुश्किल हो रहा है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदिजल्द ही राशन वितरण शुरू नहीं हुआ, तो वे उग्र आंदोलन को बाध्य होंगे। तीन महीने से राशन नहीं मिला है। सेल्समैन का कहीं अता-पता नहीं है और अधिकारी हमारी सुन नहीं रहे। क्यागरीबों का राशन डकारने वालों पर कार्रवाई नहीं होगी?' — स्थानीय ग्रामीण, लक्ष्मी अभाना

# 25 से 5 अप्रैल तक आयोजित होगा पुस्तक मेला

▶ तैयारियों को लेकर सीईओ ने ली बैठक, दिए निर्देश



**नवभारत,जबलपुर।** जिला प्रशासन द्वारा विद्यार्थियों एवं अभिभावकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए प्रतिवर्ष आयोजित किए जाने वाले पुस्तक मेले का आयोजन इस वर्ष भी 25 मार्च से 5 अप्रैल तक गोलबाजार स्थित शहीद स्मारक परिसर में किया जायेगा। पुस्तक मेले के सफल आयोजन एवं व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने मेला प्रभारी अपर कलेक्टर एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक गहलोत की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में मेले की तैयारियों, व्यवस्थाओं तथा विभिन्न विभागों को सौंपी गई जिम्मेदारियों की समीक्षा की गई तथा अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिये गये। उन्होंने निर्देश दिए कि मेले में जिले के सभी विद्यालयों से संबंधित पाठ्यपुस्तकों, गणवेश तथा स्टेशनरी सामग्री की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए, ताकि अभिभावकों को विभिन्न स्थानों पर भटकना न पड़े और उन्हें आवश्यक सामग्री एक ही स्थान पर आसानी से प्राप्त हो सके। जिला पंचायत के सीईओ ने बताया कि पुस्तक मेले को अधिक आकर्षक और जनसहभागिता से परिपूर्ण बनाने के लिए प्रतिदिन शाम के समय सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाएगा। बैठक में सहायक मेला प्रभारी एवं जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### नाममात्र के शुल्क से मिलेगी पुरानी पाठ्यपुस्तकों

विशेष पहल के रूप में इस वर्ष भी मेले में पुरानी पाठ्यपुस्तकों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। अभिभावक एवं विद्यार्थी नाममात्र के शुल्क पर रेडक्रॉस सोसायटी को भुगतान कर पुरानी पुस्तकें प्राप्त कर सकेंगे। इस व्यवस्था का उद्देश्य जरूरतमंद विद्यार्थियों को कम लागत में पाठ्यपुस्तकें उपलब्ध कराना है। जो भी विद्यालय अथवा अभिभावक अपनी पुरानी पाठ्यपुस्तकों का दान करना चाहते हैं, वे जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं, ताकि इन पुस्तकों को संकलित कर मेले के माध्यम से विद्यार्थियों तक पहुंचाया जा सके।

# बंटवारे के बाद भी 'मुर्दा' फाइलों से टैक्स वसूली?

▶ 'बारे लाल बर्मन को थमाया गलत नोटिस!
मझौली नगर परिषद की बड़ी लापरवाही

**नवभारत, मझौली।** नगर परिषद् मझौली के राजस्व विभाग की कार्यप्रणाली एक बार फिर सवालों के घेरे में है। ताजा मामला वार्ड नंबर 12 (भल्या मोहल्ला) का है, जहाँ संपत्तियों के वैधानिक बंटवारे और नियमित टैक्स भुगतान के बावजूद परिषद द्वारा पुराने रिकॉर्ड के आधार पर भारी-भरकम 'डिमांड नोटिस' जारी किए जा रहे हैं।

### बंटवारा 2021 में, तो पुराना बकाया कैसा?

पीड़ित बारे लाल बर्मन (पिता जौहर बर्मन) के अनुसार, उनके परिवार में वर्ष 2021-22 में वैधानिक बंटवारा हो चुका है। बंटवारे के बाद से ही वे अपनी संपत्ति का टैक्स नियमित रूप से जमा कर रहे हैं। उनके पास 17 जून 2021 की रसीदें और संपत्ति आईडी (1005270267) के दस्तावेज भी मौजूद हैं। इसके बावजूद नगर परिषद द्वारा पिछले रिकॉर्ड को अपडेट न करना विभाग की घोर लापरवाही को दर्शाता है।

### तकनीकी खामी या जानबूझकर मानसिक प्रताड़ना?

हैरानी की बात यह है कि जब नागरिक स्वयं जागरूक होकर समय पर टैक्स भर रहा है, तो फिर परिषद के सिस्टम में वह राशि 'बकाया' क्यों बोल रही है? धारा 164(1) के तहत नोटिस जारी करने से पहले क्या राजस्व अधिकारियों ने यह जांचना उचित नहीं समझा कि संपत्ति का मालिकाना हक बदल चुका है या टैक्स पहले ही जमा हो चुका है?

### जनता की मांग : सुधारा जाए राजस्व रिकॉर्ड

यह केवल एक व्यक्ति की समस्या नहीं है, बल्कि मझौली के कई वार्डों में ऐसी शिकायतें मिल रही हैं जहाँ लोग रसीदें लेकर घूम रहे हैं लेकिन परिषद के पोर्टल पर उन्हें 'डिफॉल्टर' दिखाया जा रहा है। सुंदर लाल बर्मन ने मांग की है कि उनके दस्तावेजों के आधार पर रिकॉर्ड को तत्काल अपडेट किया जाए ताकि उन्हें बेवजह की कानूनी कार्रवाई और मानसिक तनाव से मुक्ति मिल सके।

### इनका कहना है

जब हम हर साल ईमानदारी से टैक्स भर रहे हैं और हमारे पास बंटवारे के वैध कागज हैं, तो नगर परिषद हमें पुराने बकाया के नोटिस क्यों भेज रही है? यह अधिकारियों की लापरवाही है जिसका खामियाजा हमें भुगतना पड़ रहा है।'

**बारे लाल बर्मन**
**पीड़ित नागरिक**

# मैहर स्टेशन पर रहेगा रेलगाड़ियों का ठहराव

**नवभारत, जबलपुर।** रेल प्रशासन द्वारा आगामी त्यौहार चैत्र नवरात्रि मेला के दौरान यात्रियों की सुविधा के लिए पश्चिम मध्य रेल से गुजरने वाली 15 जोड़ी रेलगाड़ियों का मैहर स्टेशन पर 19 मार्च से 1 अप्रैल तक 5 मिनट का अस्थाई हाल्ट प्रदान किया गया है।

इन रेलगाड़ियों का मैहर स्टेशन पर ठहराव

1) गाड़ी संख्या 11055 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-गोरखपुर एक्सप्रेस का मैहर स्टेशन पर आगमन प्रस्थान समय 03:15/03:20 बजे 18 से 30 मार्च तक। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 11056 गोरखपुर-लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस का मैहर स्टेशन पर आगमन प्रस्थान समय 20:25/20:30 बजे 20 से 01 अप्रैल तक।

2) गाड़ी संख्या 11059 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-छपरा एक्सप्रेस का मैहर स्टेशन पर आगमन प्रस्थान समय 03:15/03:20 बजे 19 से 31 मार्च तक। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 11060 छपरा-लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस का मैहर स्टेशन पर आगमन प्रस्थान समय 20:25/20:30 बजे 19 से 30 मार्च तक।

3) गाड़ी संख्या 12669 चेन्नई-छपरा एक्सप्रेस का मैहर स्टेशन पर आगमन प्रस्थान समय 20:50/20:55 बजे 21 से 30 मार्च तक। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 12670 छपरा-चेन्नई एक्सप्रेस का मैहर स्टेशन पर आगमन प्रस्थान समय 07:25/07:30 बजे 18 से 30 मार्च तक।

4) गाड़ी संख्या 19051 वलसाड-मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस का मैहर स्टेशन पर आगमन प्रस्थान समय 15:05/15:10 बजे 21 से 28 मार्च तक। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 19052 मुजफ्फरपुर-वलसाड एक्सप्रेस का मैहर स्टेशन पर आगमन प्रस्थान समय 11:40/11:45 बजे 23 से 30 मार्च तक।

5) गाड़ी संख्या 11045 श्रीछत्रपति शाहू महाराज टर्मिनस कोल्हापुर-धनबाद एक्सप्रेस का मैहर स्टेशन पर आगमन प्रस्थान समय 17:20/17:25 बजे 20 से 27 मार्च तक। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 11046 धनबाद-श्री छत्रपति शाहू महाराज टर्मिनस कोल्हापुर एक्सप्रेस का मैहर स्टेशन पर आगमन प्रस्थान समय 22:25/22:30 बजे 23 से 30 मार्च तक।

6) गाड़ी संख्या 15268 एलएलटी-रक्सौल एक्सप्रेस का मैहर स्टेशन पर आगमन प्रस्थान समय 10:40/10:45 बजे 23 से 30 मार्च तक। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 15267 रक्सौल-एलएलटी एक्सप्रेस का मैहर स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय 11:25/11:30 बजे 21 से 28 मार्च तक।

7) गाड़ी संख्या 11037 पुणे-गोरखपुर एक्सप्रेस का मैहर स्टेशन पर आगमन प्रस्थान समय 11:05/11:10 बजे 19 से 26 मार्च तक। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 11038 गोरखपुर-पुणे एक्सप्रेस का मैहर स्टेशन पर आगमन प्रस्थान समय भोर 04:20/04:25 बजे 21 से 28 मार्च तक।

9) गाड़ी संख्या 17610 पूर्णा-पटना एक्सप्रेस का मैहर स्टेशन पर आगमन प्रस्थान समय 10:40/10:45 बजे 19 से 26 मार्च तक।




# महिला अधिवक्ताओं का हुआ सम्मान

**नवभारत, जबलपुर।** शुक्रवार को महिला दिवस के कार्यक्रम का आयोजन हाई कोर्ट अधिवक्ता संघ द्वारा कियागया जिसमें न्यायाधिपति अनुराधा शुक्ला मुख्य अतिथि, पूर्व न्यायाधिपति अंजुली पालो विशिष्ट अतिथि एवंअतिरिक्त महाअधिवक्ता जाह्नवी पंडित द्वारा महिला दिवस के अवसर पर समस्त महिला अधिवक्ताओं कोविधिक क्षेत्र में योगदान किस तरह महत्वपूर्ण है इसकी जानकारी दी गई। इस दौरान जिन महिला अधिवक्ताओंको विधि के क्षेत्र में 30 वर्ष अधिक हो चुके है उनका सम्मान किया गया।

### घरेलू गैस सिलेंडर का व्यावसायिक उपयोग कर रहा था डोसा संचालक

**जबलपुर।** गोहलपुर पुलिस ने त्रिमूर्ति नगर क्षेत्र में दबिश देकर घरेलू गैस सिलेंडर का व्यावसायिक उपयोग कर रहे एक ठेला संचालक को रंगे हाथों पकड़ा। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार त्रिमूर्ति नगर स्थित शिवम डेयरी के समीप राकेश गुप्ता डोसा एवं चाइनीज का ठेला लगाया जा रहा था।

# तीन सटोरिए पकड़ाए

**नवभारत, जबलपुर।** घमापुर और पनागर पुलिस ने तीन सटोरियों को गिरफ्तार कर नगदी और मोबाइल जप्त किया हैं। घमापुर थाना प्रभारी दिनेश गौतम के अनुसार क्राईम ब्रांच को सूचना मिली थी कि हजारी सिंधी के पीछे चांदमारी रोड पर एक युवक अवैध सट्टा खिला रहा है। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर 24 वर्षीय रोशन प्रजापति को सट्टा पट्टी लिखते हुए पकड़ा। आरोपी के पास से 8020 रुपये नगद और सट्टा सामग्री जप्त की गई है। इसी तरह पनागर थाना प्रभारी विपिन ताम्रकार ने बताया कि रैपुरा गांव में ललित उर्फ दशरथ केवट और



दिनेश केवट को सट्टा पट्टी और मोबाइल के माध्यम से सट्टा खिलाते हुए पकड़ा गया। आरोपियों के पास से कुल 6610 रुपये नगद, एक वीवो मोबाइल और कैलकुलेटर बरामद हुआ है। पूछताछ में खुलासा हुआ कि वे मिही लाल नामक व्यक्ति के लिए 500 रुपये दिहाड़ी पर काम कर रहे थे। मुख्य आरोपी मिही लाल की तलाश शुरू कर दी है।

### गांजा के साथ तस्कर को पकड़ा

क्राइम ब्रांच ने भेड़ाघाट पुलिस के साथ संयुक्त कार्रवाई करते हुए एक युवक को अवैध गांजे के साथ रंगे हाथों पकड़ा है। थाना प्रभारी भेड़ाघाट कमलेश चौरिया ने बताया कि भेड़ाघाट चौराहा के पास पुलिया के नीचे क्राइम ब्रांच और थाना भेड़ाघाट की संयुक्त टीम ने दबिश देकर शक्ति साहू (36) निवासी झिन्ना मीरगंज को पकड़ा गया। तलाशी में आरोपी के पास मौजूद पॉलीथीन से 149 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ इसके अलावा आरोपी की जेब से 2,420 रुपये नगद भी जब्त किए गए।

# सोमनाथ एक्सप्रेस का नया शेड्यूल हुआ जारी

**नवभारत जबलपुर।** रेल प्रशासन द्वारा सुचारु परिचलान एवं यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पश्चिम मध्य रेल से प्रारम्भ होने वाली गाड़ी संख्या 11464 जबलपुर-सोमनाथ एक्सप्रेस वाया इटारसी एवं गाड़ी संख्या 11466 जबलपुर-सोमनाथ वाया कटनी मुड़वारा एक्सप्रेस ट्रेनों के उज्जैन रेलवे स्टेशन पर आगमन प्रस्थान समय में आंशिक संशोधन किया गया है। ये है टाइमिंग गाडी संख्या 11464 जबलपुर-सोमनाथ एक्सप्रेस वाया इटारसी ट्रेन को 02 अप्रैल से अपने प्रारंभिक स्टेशन जबलपुर से निर्धारित समय से प्रस्थान कर मार्ग से होते हुए उज्जैन रेलवे स्टेशन का निर्धारित आगमन प्रस्थान समय रात्रि 23:50/00:00 बजे की बजाय अब उज्जैन रेलवे स्टेशन का संसोधित आगमन प्रस्थान समय रात्रि 23:45/23:55 बजे रहेगा। गाडी संख्या 11466 जबलपुर-सोमनाथ एक्सप्रेस वाया कटनी मुड़वारा ट्रेन को 03 अप्रैल 2026 से अपने प्रारंभिक स्टेशन जबलपुर से निर्धारित समय से प्रस्थान कर मार्ग से होते हुए उज्जैन रेलवे स्टेशन का निर्धारित आगमन प्रस्थान समय रात्रि 23:50/00:00 बजे की बजाय अब उज्जैन रेलवे स्टेशन का संसोधित आगमन प्रस्थान समय रात्रि 23:45/23:55 बजे रहेगा।

परेशानी | लंबी दूरी की एजेंसियों ने बेलखाड़ू में बांट रखे हैं गैस कनेक्शन

# घरेलू गैस सिलेंडर की किल्लत, भटक रहे ग्रामीण



**नवभारत,बेलखाड़ू।** वैश्विक युद्ध के चलते घरेलू गैस टंकी की सप्लाई पर खासा असर पड़ गया हैइसके चलते बेलखाड़ू और आस पास के ग्रामीण क्षेत्रों में घरेलू गैस खरीदने के लिए हाहाकार मच गया है पिछलेएक सप्ताह से गैस टंकी लेने लोग भटक रहे हैं।

### दूर की गैस एजेंसियों ने बेलखाड़ू में बांट रखे कनेक्शन

बेलखाड़ू से 20 किलोमीटर दूर कटंगी की एच पी गैसएजेंसी एवं 12 किलोमीटर दूर भरतरी की एच पी गैस एजेंसी,6 किलोमीटर दूर बरोदा ग्राम की गैस एजेंसी केसैकड़ों गैस कनेक्शन का जाल गांव गांव में बिछा हुआ है। बेलखाड़ू सहित आस पास के लोग गैस टंकी लेने अबभटक रहे हैं।

### घर व गांव तक गैस टंकी पहुंचाने के वादे पर बांटे कनेक्शन


दूर की गैस एजेंसियों ने बेलखाड़ू में घर एवं गांवतक परिवहन कर गैस टंकी पहुंचाने के वादे के साथ गांव वालों को कनेक्शन दिए उसके एवज में गांव वालों सेचालीस रुपए प्रति गैस टंकी का अतिरिक्त शुल्क भी वसूलने की जानकारी ग्रामवासी बताते हैं। साथ ही मंहगे दामों पर गैस मिलने की चर्चा भी ग्रामीणों में व्याप्त है।

### शासन प्रशासन के आश्चर्यजनक दावे

शासन प्रशासन द्वारा दावा किया जा रहा है कि गैस टंकी का भंडारणपर्याप्त मात्रा में है किसी को घबराने की आवश्यकता नहीं है पर गांव में आसानी से गैस टंकी नहीं मिलने परआक्रोश व्याप्त है।

### अब सप्लाई देना बंद

ग्रामीणों का कहना है कि अब गैस टंकी बुकिंग का ओ टी पी जनरेट होने के बाद भी एकसप्ताह से घरेलू गैस के लिए भटकना पड़ रहा है। अस्थाई कार्यालय से गांव वालों को एक ओर गैस टंकी नहीं मिलरही जिससे खाना बनाने में ढेरों दिक्कतों का सामना महिलाएं कर रहीं हैं वहीं दूसरी ओर बेलखाड़ू के अस्थाईकर्मचारी गांव वालों को बीस किलोमीटर दूर जाकर स्वयं गैस टंकी लाने के लिए दबाव बनाया जा रहा है।



# वारदात करने की फिराक में घूम रहा फरार हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

**नवभारत,जबलपुर।** गढ़ा पुलिस ने वारदात करने की फिराक में घूम रहे एक कुख्यात बदमाश को अवैध हथियार के साथ दबोचा है। पकड़ा गया आरोपी हिस्ट्रीशीटर है और आबकारी एक्ट व मारपीट के मामले में फरार चल रहा था। टीआई प्रसन्न कुमार शर्मा ने बताया कि कि सर्वेंट क्वार्टर रोड पर पुलिस ने घेराबंदी कर तलवार लेकर वारदात को अंजाम देने की नीयत से खड़े दीपेश तिवारी (35) पिता कन्हैयालाल तिवारी, निवासी कैलाशपुरी गुप्तेश्वर को पकड़ा गया। तलाशी के दौरान उसके पास से एक धारदार तलवार बरामद की गई। आरोपी दीपेश एक शातिर अपराधी है, जिसके खिलाफ अवैध वसूली, मारपीट, तोड़फोड़, आर्म्स एक्ट और आबकारी एक्ट के कुल 22 अपराध पहले से दर्ज हैं। पुलिस के अनुसार दीपेश गढ़ा थाने के ही दो पुराने मामलों शराब तस्करी और मारपीट के ममले में फरार चल रहा था जिसमें भी उसकी गिरफ्तारी की गई है।